व्रतोत्सव–पत्रिका

2026-27

श्री श्री कात्यायनी पीठ, वृन्दावन

卐 जय जय माँ कात्यायनी 卐 जय जय माँ कात्यायनी 卐 जय जय माँ कात्यायनी 卐 जय जय माँ कात्यायनी 卐 जय जय माँ कात्यायनी 卐 जय जय माँ कात्यायनी



卐 जय जय माँ कात्यायनी 卐 जय जय माँ कात्यायनी 卐 जय जय माँ कात्यायनी 卐 जय जय माँ कात्यायनी 卐 जय जय माँ कात्यायनी 卐 जय जय माँ कात्यायनी

卐 जय जय माँ कात्यायनी 卐 जय जय माँ कात्यायनी 卐 जय जय माँ कात्यायनी 卐 जय जय माँ कात्यायनी 卐 जय जय माँ कात्यायनी 卐 जय जय माँ कात्यायनी

श्री श्री कात्यायनी पीठ, वृन्दावन

श्री श्री कात्यायनी पीठ वृन्दावन, भगवती सती के 51 शक्ति पीठों में मुख्य पीठ जहाँ सती जी के केश गिरे थे

卐 जय जय माँ कात्यायनी 卐 जय जय माँ कात्यायनी 卐 जय जय माँ कात्यायनी 卐 जय जय माँ कात्यायनी 卐 जय जय माँ कात्यायनी 卐 जय जय माँ कात्यायनी

व्रतोत्सव-पत्रिका

राजा—गुरु

मन्त्री—मंगल

सन्-२०२६-२०२७
वि.स.-२०८३ श्री रौद्र नाम संवत्सर
शकाब्द-१९४८ बंगाब्द-१४३३

श्री श्री कात्यायनी पीठ

केशवाश्रम-राधाबाग, वृन्दावन - २८११२१

Mob.: 8920984445

Website : www.katyayanipeeth.org.in

E-mail: katyayanipeethvrindavan@gmail.com

"श्री कृष्ण की क्रीड़ाभूमि में माँ कात्यायनी पीठ"

वृन्दावन

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःखभाग्भवेत्॥

भारतीय संस्कृति जहाँ जो कुछ उत्तम एवं शुभ है उसका संग्रह करने वाली है। 'सर्वेषाम् विरोधेन ब्रह्मकर्म समार-भे' को वाणी प्रदान करने वाली है। संकुचित भावना से दूर त्याग, संयम, वैराग्य, सेवा, प्रेम, ज्ञान आदि से सुरभित वातावरण में पली भारतीय संस्कृति समस्त संस्कृतियों का श्रृंगार है। भारत की सांस्कृतिक चेतना मानवता के मन्दिर की अखण्ड ज्योति सी निरन्तर प्रज्वलित रही। जब भी यह ज्योति मन्द पड़ी, एक नवीन ज्योति ने अपना शुभ स्नेह दान कर उसमें प्राण फूंके। कितने वात्याचक आये और चले गये, किन्तु विश्व को शान्ति एवं सद्भाव का सन्देश देती हुई वह मंगल ज्योति निरन्तर जलती आ रही है। इसी श्रृंखला के अन्तर्गत भगवती कात्यायनी द्वारा नियुक्त महान् योगिराज श्री श्यामाचरण लाहिड़ी जी महाराज के परम सुयोग्य शिष्य योगीजी 1008 श्रीयुत् स्वामी केशवानन्द ब्रह्मचारी जी महाराज ने अपनी कठोर साधना द्वारा भगवती के प्रत्यक्ष आदेशानुसार इस लुप्त स्थान श्री कात्यायनी पीठ राधाबाग, वृन्दावन नामक पावनतम पवित्र स्थान का उद्धार किया।

अनन्तकाल से भारतवर्ष यथार्थ में पवित्र स्थानों, तीर्थों, सिद्धपीठों, मन्दिरों एवं देवालयों से सुसज्जित एवं सुशोभित रहा है। जिस पावन पवित्र भूमि में गंगा, यमुना, सरस्वती आदि नदियाँ एवं राम-कृष्ण आदि आराध्य देवों ने अवतार ग्रहण किया और अधर्म का नाश कर धर्म की रक्षा की, ऐसे सुन्दर पवित्रतम स्थानों को तीर्थ एवं सिद्धपीठ के नाम से पुकारा गया, जिनमें भगवान नन्दनन्दन अशरणशरण, करुणावरुणालय, ब्रजेन्द्र नन्दन श्री कृष्णचन्द्र की पावन पुण्यमय क्रीड़ाभूमि श्रीधाम वृन्दावन में कालिन्दी गिरिनन्दिनी सकल कल्मषहारिणी श्री यमुना के सन्निकट राधाबाग स्थित अति प्राचीन सिद्धपीठ के रूप में श्री श्री माँ कात्यायनी देवी विराजमान हैं।

भगवान श्री कृष्ण की क्रीड़ाभूमि श्रीधाम वृन्दावन में भगवती देवी के केश गिरे थे, इसका प्रमाण प्रायः सभी शास्त्रों में मिलता ही है। आर्य शास्त्र, ब्रह्मवैवर्त पुराण एवं आद्या स्तोत्र आदि कई स्थानों पर उल्लेख है "ब्रजे कात्यायनी परा" अर्थात् वृन्दावन स्थित पीठ में ब्रह्मशक्ति महामाया श्री माता कात्यायनी के नाम से प्रसिद्ध है। वृन्दावन स्थित श्री कात्यायनी पीठ भारतवर्ष के उन अज्ञात 108 एवं ज्ञात 51 पीठों में से एक अत्यन्त प्राचीन सिद्धपीठ है। देवर्षि श्री वेदव्यास जी ने श्रीमद्भागवत के दशम स्कन्ध के बाईसवें अध्याय में उल्लेख किया है-

कात्यायनि महामाये महायोगिन्यधीश्वरि।
नन्दगोपसुतं देवि पतिं मे कुरू ते नमः ॥

हे कात्यायनि ! हे महामाये ! हे महायोगिनि ! हे अधीश्वरि ! हे देवि ! नन्द गोप के राजकुमार श्री कृष्णचन्द्र को हमारा पति बना दीजिए। हम सब श्रद्धा सहित आपको प्रणाम करती हैं।

(जिस कन्या के विवाह में विलम्ब हो रहा हो तो वह कन्या माँ के स्वरूप का ध्यान कर उक्त मंत्र का एक माला जाप प्रतिदिन करे तो उसको सुन्दर और मनोनुकूल वर की प्राप्ति होती है।)

दुर्गा सप्तशती में देवी के अवतरित होने का उल्लेख इस प्रकार मिलता है:

नन्दगोपगृहे जाता यशोदागर्भसम्भवा।

मैं नन्द गोप के घर में यशोदा के गर्भ से अवतार लूंगी। श्रीमद्भागवत् में भगवती कात्यायनी के पूजन द्वारा भगवान श्रीकृष्ण को प्राप्त करने के साधन का सुन्दर वर्णन प्राप्त होता है। यह व्रत पूरे मार्गशीर्ष (अगहन) के मास में होता है। भगवान श्रीकृष्ण को पाने की लालसा में ब्रजांगनाओं ने अपने हृदय की लालसा पूर्ण करने हेतु यमुना नदी के किनारे से घिरे हुए राधाबाग नामक स्थान पर श्री कात्यायनी देवी का पूजन किया।

ऐसे महान सिद्धपीठ का उद्धार क्या कोई साधारण व्यक्ति कर सकता है? जब तक उसे भगवती की कृपा प्राप्त न हो जाए। भगवती द्वारा नियुक्त पुत्र श्री केशवानन्द जी ने श्री कात्यायनी पीठ का पुनरुद्धार करने हेतु इस पृथ्वी पर जन्म लिया।

कामरूप मठ के स्वामी रामानन्द तीर्थ जी महाराज से दीक्षित होकर कठोर साधना के लिए हिमालय की कन्दराओं में गमन किया। साधनान्तर सर्वशक्तिशालिनी माँ के आदेशानुसार वृन्दावन स्थित अज्ञात सिद्धपीठ का उन्होंने पुनरुद्धार कराया। स्वामी केशवानन्द जी महाराज द्वारा 1 फरवरी, 1923 माघी पूर्णिमा के दिन बनारस, बंगाल तथा भारत के विभन्न सुविख्यात प्रतिष्ठित वैदिक याज्ञिक ब्राह्मणों द्वारा वैष्णवीय परम्परा से मन्दिर की प्रतिष्ठा का कार्य पूर्ण कराया। माँ कात्यायनी के साथ-साथ पंचानन शिव, विष्णु, सूर्य तथा सिद्धिदाता श्री गणेश जी महाराज (जिनकी बात तो कुछ अलौकिक ही है "जिसने जाना उसने पाया" वाली कहावत चरितार्थ है) की मूर्तियों की भी इस मन्दिर में प्रतिष्ठा की गई।

राधा बाग मन्दिर के अन्तर्गत गुरु मन्दिर, शंकराचार्य मन्दिर, शिव मन्दिर, तथा सरस्वती मन्दिर भी दर्शनीय हैं। यहाँ की अलौकिकता का मुख्य कारण जहाँ साक्षात् माँ कात्यायनी सर्वशक्तिस्वरूपिणी दुःख-कष्टहारिणी, आन्नदमयी, करुणामयी अपनी अलौकिकता को लिए विराजमान हैं वहीं पर सिद्धिदाता श्री गणेश जी एवं बगीचे में अर्द्धनारीश्वर (गौरीशंकर महादेव) एक प्राण दो देह को धारण किए हुए विराजमान हैं। लोग उन्हें देखते ही मन्त्रमुग्ध हो जाते हैं।

शंकराचार्य मन्दिर में जहाँ विप्र वटुओं द्वारा वेद ध्वनि से सम्पूर्ण वेद विद्यालय एवं सम्पूर्ण कात्यायनी पीठ का प्रांगण पवित्र हो जाता है, वहीं कात्यायनी पीठ में स्थित औषधालय द्वारा विभिन्न असाध्य रोगियों का सफलतम उपचार तथा मन्दिर में स्थित गौशाला में गायों की सेवा-पूजा दर्शनीय है। इसके अतिरिक्त यज्ञशाला में वेदोक्तरीति से स्वाहाकार मन्त्रों का श्रवण एवं विभिन्न उपासना पद्धति द्वारा अर्चन को देखकर कोई व्यक्ति स्तम्भित होकर माँ के समक्ष पहुँच जाता है और सम्पूर्ण संसार को ही वो पलभर के लिए भूल जाता है। यही माँ कात्यायनी की कृपा शक्ति का फल है, जो कई बार दर्शन के बाद भी उसकी लालसा और जाग्रत् होती चली जाती है।

हरिद्वार

श्री स्वामी केशवानन्द जी महाराज को हिमालय में 37 वर्षो की घोर तपस्या के पश्चात् माँ भगवती ने आदेश दिया, तत्पश्चात् वे हरिद्वार के समीप कनखल में बेल्वाला जहाँ एक और चण्डी पर्वत, नीलधारा तथा दूसरी ओर मनसा देवी व हरकी पौड़ी से बहती हुई भागीरथी गंगा व मनसा देवी के बीच, टापू पर ये तप करने आए।

उस समय वहाँ सर्पों और बिच्छुओं से भरा घोर जंगल था। उस समय श्री स्वामी जी के पास केवल एक कमंडल और चिमटा था। 1903 में अंग्रेजों का राज्य था। उस समय हरिद्वार के लाट साहब (राज्यपाल) डाक बंगले में ठहरा करते थे, वहाँ से वे स्वामी जी के दर्शन करने आते थे। श्री स्वामी जी तपस्या में लीन रहते थे। कभी-कभी वे श्री स्वामी जी से वार्तालाप करने रुक जाते थे। राज्यपाल श्री स्वामी जी के तेज और अंग्रेजी में वार्तालाप से बहुत प्रभावित हुए। एक दिन उन्होंने श्री स्वामी जी से कहा कि मैं आपकी सेवा करना चाहता हूँ, इस पर श्री स्वामी जी ने कहा कि कुछ ऐसी व्यवस्था कर दीजिए कि हमें यहाँ कुटिया में भजन व साधना करनें में कभी कोई परेशानी नहीं हो। तभी से यह भूमि उनके और अब उनके द्वारा बनाए गए ट्रस्ट के पास पट्टे पर है।

इस भूमि को प्राप्त करने के बाद श्री स्वामी जी ने स्वयं गंगा नदी में तैर कर और फिर नाव से एक-एक पत्थर एकत्रित कर गुफाएँ तथा चबूतरे का निर्माण किया। यह चबूतरा 30x40 फीट का है और लगभग 6 फीट ऊँचाई का है। इसी चबूतरे पर श्री स्वामी केशवानन्द जी महाराज ने अपने योग-गुरु श्रीयुत् श्यामाचरण लाहिड़ी जी महाराज की स्मृति का समाधि मन्दिर और श्री श्यामेश्वर महादेव का मन्दिर स्थापित किया। कुछ समय बाद यहाँ एक भव्य आश्रम भी बनवाया। अब यह आश्रम केशवाश्रम के नाम से प्रसिद्ध है। चबूतरे के नीचे पूजा एवं ध्यान करने हेतु गुफाएँ भी बनाई गई, जिनमें योगीजन तपस्या कर सकें।

श्री स्वामी केशवानन्द जी महाराज द्वारा हरिद्वार में स्थापित केशवाश्रम

आश्रम की भूमि में पंचवटी समान एक बगीचा है, जिसमें आँवला, अशोक, रुद्राक्ष, आम, जामुन और कई अन्य दिव्य वृक्ष हैं। ये वृक्ष वातावरण में दिव्य और सौम्य महक फैलाते हैं। चारों ओर गंगा की निर्मल धारा और पर्वतों के बीच यह आश्रम एक अत्यन्त रमणीय स्थान है। एक ओर पर्वत पर चण्डी देवी का मन्दिर तथा दूसरी ओर पर्वत पर मनसा देवी का मन्दिर, इस स्थान की दिव्यता को बढ़ाते हैं।

वर्तमान ट्रस्ट ने इस आश्रम के भवन व बगीचे को और भी अधिक रमणीय बनाया है। श्री श्यामेश्वर महादेव जी के मन्दिर के नीचे की गुफाओं को भी पुनः ठीक कराया गया है।

केशवाश्रम हरिद्वार में पूरे वर्ष भक्तगण दर्शन हेतु आते हैं और यहाँ के दिव्य वातावरण से ओत-प्रोत होकर जाते हैं। प्रतिदिन की पूजा-आरती के अलावा अन्य धार्मिक आयोजन भी होते हैं। इनमें से विशेष हैं - श्री श्यामेश्वर महादेव जी का रुद्राभिषेक, चण्डी-पाठ, पूज्य दण्डी स्वामियों एवं ब्राह्मणों की सेवा इत्यादि। गंगा-दशहरा और महाशिवरात्रि के पर्वो पर भी विशेष पूजाओं का आयोजन होता है।

श्री श्री कात्यायनी पीठ वृन्दावन में समयोचित पूजा महोत्सव आदि अनवरत रूप से विधिपूर्वक होते रहते हैं। भक्तों एवं दर्शनार्थियों की सुविधा हेतु प्रतिवर्ष की भांति नववर्ष व्रतोत्सव पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है। माँ के चरणों में समर्पित करते हुए एवं सभी की मंगल कामना के साथ.....जय जय माँ कात्यायनी।

19 मार्च, 2026 (कात्यायनी ट्रस्ट)

वागीशाद्याः सुमनसः सर्वार्थनामुपक्रमे ।
यं नत्वा कृतकृतयाः स्युः तं नमामि गजाननम् ।।

श्री सिद्ध गणेश

श्री श्री कात्यायनी पीठ वृन्दावन में स्थित गणपति महाराज की मूर्ति का भी विचित्र इतिहास है। एक अंग्रेज श्री डब्ल्यू.आर. यूल कलकत्ता में मैसर्स एलटस ऐंशोरेन्स कम्पनी लि. जो नं.4 क्लाइव रोड पर है, में ईस्टर्न सेक्रेटरी के पर पर कार्य करते थे। इनकी पत्नी श्रीमती यूल ने कोई सन् 1911 या 1912 में जबकि वह विलायत जा रही थी।, जयपुर से एग गणपति महाराज की मूर्ति खरीदी। वह अपने पति को कलकत्ता छोड़कर इंगलैण्ड चली गईं तथा उन्होंने अपनी बैठक में कारनेस पर गणपति जी की प्रतिमा सजा दी। एक दिन श्रीमती यूल के घर भोज हुआ तथा उनके मित्रगणें ने गणेश जी की प्रतिमा को देखकर उनसे पूछा यह क्या है? श्रीमती यूल ने उत्तर दिया '''यह हिन्दुओं का सूंड़वाला देवता है उनके मित्रों ने गणेश जी की मूर्ति को बीच की मेज पर रखकर उपहास करना आरम्भ किया। किसी ने गणपति जी के मुख के पास चम्मच लगाकर पूछा इनका मुँह कहाँ है। जब भोज समाप्त हो गया तब रात्रि में श्रीमती यूल की पुत्री को ज्वर हो गया जो रात्रि को बड़े वेग से बढ़ गया। वह अपने तेज ज्वर में चिल्लाने लगी हाय मेरा सूंड़वाला खिलौना मुझे निगलने आ रहा है। डाक्टरों ने सोचा कि वह विस्मृति मे बोल रही है, किन्तु वह रात-दिन यही शब्द दोहराती रही एवं अत्यन्त भयभीत हो गई। श्रीमती यूल ने यह सब वृतान्त अपने पति को कलकत्ता लिखकर भेजा। उनकी पुत्री को किसी भी औषधि से लाभ नही हुआ। एक दिन श्रीमती यूल ने स्वप्न में देखा कि वह अपने बाग के अतिथिगृह में बैठी है। सूर्यास्त हो रहा है, अचानक एक नम्र पुरूष जिसके घुँघराले बाल, मशाल सी जलती आँख, हाथ में भाला लिए, वृषभ पर सवार बढ़ते हुए अन्धकार से उसकी ओर आ रहा है एवं कह रहा है, ''मेरे सूंड़ वाले देवता को तत्काल भारत भेज दो अन्यथा मैं तुम्हारे सारे परिवार का नाश कर दूँगा। वह अत्यधिक भयभीत होकर जाग उठी और दूसरे दिन प्रातः ही उन्होंने उस खिलौने को पार्सन बनवाकर पहली डाक से ही अपने

पति के पास भारत भेज दिया। जहाँ वह देवता गार्डन हेंडरसन के कार्यालय में तीन दिन तक रहे। वहाँ शीघ्र ही कलकत्ता के नर-नारियों की सिद्ध गणेश के दर्शनार्थ कार्यालय में भीड़ लग गई। कार्यालय का सारा कार्य रूक गया। श्री यूल ने अपने अधीन ऐंशोरेन्स एजेण्ट केदार बाबू से पूछा कि इस देवता का क्या करना चाहिए। अन्त में केदार बाबू गणेश जी को अपने घर 7, अभय चरण मित्र स्ट्रीट ले गए एवं वहाँ उनकी पूजा शुरू कर दी। तब से सब भक्तों ने केदार बाबू के घर पर जाना आरम्भ कर दिया।

इधर वृन्दावन में स्वामी केशवानन्द जी महाराज कात्यायनी देवी की पंचायतन पूजन विधि से प्रतिष्ठा के लिए सनातन धर्मा की पाँच प्रमुख मूर्तियों का प्रबन्ध कर रहे थे। श्री श्री कात्यायनी देवी की अष्टधातु से निर्मित मूर्ति कलकत्ता में तैयार हो रही थी तथा भैरव चन्द्रशेखर की मूर्ति जयपुर में बनाई गई थी, जबकि महाराज गणेश जी की प्रतिमा के विषय में विचार कर रहे थे, तभी उन्हें माँ का आदेश हुआ कि एक सिद्ध गणेश कलकत्ता में केदार बाबू के घर में हैं। जब तुम कलकत्ता से प्रतिमा लाओगे तब मेरे साथ मेरे पुत्र को भी लाना। अतः जब श्री स्वामी केशवानन्द जी श्री श्री कात्यायनी माँ की अष्टधातु की मूर्ति पसन्द करके लाने के लिए कलकत्ता गए तब केदार बाबू ने उनके पास आकर कहा गुरूदेव मैं आपके पास वृन्दावन आने का विचार कर रहा था।

मै बड़ी विपत्ति में हूँ। मेरे पास पिछले कुछ दिनों से एक गणेश जी की प्रतिमा है। प्रतिदिन रात्रि में स्वप्न में वह मुझसे कहते हैं कि जब श्री श्री कात्यायनी माँ की मूर्ति वृन्दावन जाएगी तो मुझे भी वहाँ भेज देना। कृपया आप स्वीकार करें। गुरूदेव ने कहा "बहुत अच्छा तुम वह मूर्ति स्अेशन पर ले आना, मैं तूफान से जाऊँगा। जब माँ जाएँगी तो उनका पुत्र भी उनके साथ जाएगा।"

अतः जब श्री श्री स्वामी केशवानन्द जी महाराज श्री श्री कात्यायनी देवी अष्टधातु की अत्यन्त ही सुन्दर प्रतिमा लेकर कलकत्ता से वापस आ रहे थे, केदार बाबू ने स्अेशन आकर गुरूदेव को गणेश जी की प्रतिमा दे दी। वह सिद्ध गणेश इन महान योगी द्वारा श्री श्री कात्यायनी पीठ में प्रतिष्ठित किए गए हैं। इनकी सीापना के कुछ काल बाद से ही इस अद्‌भुत देवता की कई आश्चर्यजनक घटनाएँ घटीं, जो कि यदि लिपिबद्ध की जाएँ तो एक पूरा ग्रन्थ ही बन जाए।

ऊँ गुरूवे नमः

श्री स्वामी केशवानन्द जी महाराज

श्री स्वामी केशवानन्द जी महाराज का जन्म बंगाल के शिवनीपुर में हुआ था। बनारस के कामरूप मठ के श्री स्वामी रामानन्द तीर्थ जी महाराज से दीक्षित हो, कठोर साधना के लिए हिमालय की कंदराओं में गमन किया। बहुत वर्ष हिमालय में तपस्या करने के पश्चात श्री दुर्गा मा के साक्षात दर्शन और आज्ञा द्वारा उन्होंने वृंदावन में श्री यमुना के निकट, राधाबाग में देवी भगवती के सिद्ध पीठ का पुनरूद्धार किया। श्री श्री कात्यायनी पीठ की स्थापना की। उन्होंने हरिद्वार में केशवाश्रम में अपने गुरूदेव श्री श्यामाचरण लाहिड़ी जी महाराज का समाधि मन्दिर बनाया। भुवनेश्वर व विंध्याचल में आश्रम स्थापित करे। बंगाल व अन्य शहरों में उनके बहुत से शिष्य व भक्त हुए।



श्री स्वामी सत्यानन्द जी महाराज



श्री स्वामी केशवानन्द जी महाराज के शिष्य श्री मन्मथानाथ जी व श्रीमति नेहर माँ के पुत्र निर्मल आगे चलकर श्री स्वामी सत्यानन्द जी कहलाये। श्री मन्मथानाथ जी व श्रीमति नेहर माँ ने अपने पुत्र को अपे श्री गुरूदेव के चरणों में समर्पित किया। उनकी वेद व शास्त्र शिक्षा श्री गुरूदेव ने बचपन से कराई और 5 वर्ष की उम्र में जनेऊ धारण करवाया।

श्री स्वामी सत्यानन्द जी महाराज ने पूर्ण निष्ठा व भक्ति से श्री श्री कात्यायनी माँ की सेवा की। श्री स्वामी सत्यानन्द जी महाराज जब शास्त्रों पर चर्चा करते थे तब सुनने वाले स्तब्ध हो जाते थे मानो माँ सरस्वती स्वयं बोल रहीं हों।

उनका विश्वास था कि यह सब उनके श्री गुरूदेव की कृपा का ही प्रसाद है। वे श्री केशवानन्द जी महाराज के परम प्रिय शिष्य थे। श्री स्वामी सत्यानन्द जी महाराज ने 'श्री नारायण स्त्रोत' व 'श्री सरस्वती' की रचना करी। ये स्तोत्र आज भी मन्दिर में गाए जाते हैं श्री स्वामी सत्यानन्द जी महाराज पूरे भारतवर्ष में भ्रमण कर सनातन धर्म का प्रचार प्रसार करते थे।

श्री स्वामी नित्यानन्द जी महाराज

श्री स्वामी नित्यानन्द जी महाराज अपने बाल्य काल से श्री स्वामी केशवानन्द जी महाराज की सन्निधि में वृन्दावन आश्रम में रहे। श्री गुरू महाराज जी ने इनको बहुत साधना की विधि और शास्त्र का ज्ञान दिया। इनकी श्री श्री कात्यायनी माँ के चरणों में श्रद्धा और भक्ति अतुल्य थी। उनकी विचारधारा, रहने और पूजा सेवा करने को देखकर यह प्रतीत होता था कि एक आदर्श महात्मा का जीवन कैसा होता है। उन्हें किसी सांसारिक वस्तु में आसक्ति नहीं थी और वे आजीवन श्री श्री कात्यायनी माँ की भक्ति पूर्वक सेवा करते रहे।

अपना सम्पूर्ण जीवन श्री गुरू कृपा से जो पाया था, उससे भक्तों का मार्गदर्शन करते रहे। श्री गुरू महाराज जी के सब शिष्य व आश्रम के सब भक्त इनको श्री महाराज जी के तुल्य ही देखते थे।

श्री रानी माँ

श्री गुरू महाराज जी के शिष्य श्री मन्मथानाथ जी अपनी बहन श्रीमति अपर्णा देवी जी (श्री रानी माँ) को वृन्दावन अपने गुरूदेव के पास लाये और बताया कि उनके पति व पुत्र का स्वर्गवास हो गया है और उनकी इच्छा है कि उनकी बहन को ऐसे आध्यात्मिक मार्ग में दीक्षित करें जिससे उनका

मन श्री भगवत चरणों में लगे।

श्री गुरू महाराज जी ने कृपा कर श्रीमति अपर्णा देवी जी को दीक्षित किया और श्री रानी माँ नाम दिया। श्री रानी माँ ने आजीवन श्री कात्यायनी माँ कि सेवा की और आश्रम के शिष्य व भक्तों को अपार स्नेह प्रदान किया।

श्री स्वामी विद्यानन्द जी महाराज



श्री स्वामी नित्यानन्द जी महाराज के प्रधान शिष्य श्री स्वामी विद्यानन्द जी महाराज थे। वे आश्रम में श्री श्री कात्यायनी माँ की पूजा अर्चना और आश्रमों का संचालन करते थे।

श्री स्वामी विद्यानन्द जी महाराज का परिवार श्री स्वामी केशवानन्द जी महाराज का शिष्य था। बाल्य काल में शिक्षा दीक्षा से ओत-प्रोत होकर श्री स्वामी नित्यानन्द जी महाराज द्वारा उनका यज्ञोपवीत संस्कार कराया गया। इसके अनंतर उन्हें शिक्षा ग्रहण कराकर श्री श्री कात्यायनी माँ का पूर्ण अधिकार सौंप दिया गया।

वे दत्तचित हो श्री श्री कात्यायनी माँ की पूजा अर्चना करते थे। स्वभाव से अत्यंत सरल तथा कर्मशील थे। आपके सरल स्वभाव को देखकर सब मंत्र मुग्ध हो जाते थे।

कात्यायनी ट्रस्ट के ट्रस्टी

श्री विष्णु प्रकाश	प्रधान
श्रीमती रीता मेनन	उप प्रधान
श्री रवि दयाल	सचिव
श्री नरेश दयाल	कोषाध्यक्ष
श्री के.एल. बंसल	सह सचिव
श्री अशोक नारायण	ट्रस्टी
श्रीमती कुक्कू माथुर	ट्रस्टी
श्री ऋषि दयाल	ट्रस्टी
श्री दीपक सहाय	ट्रस्टी
श्री नरेन्द्र गोहिल	ट्रस्टी
श्री संजय बहादुर	ट्रस्टी
श्री अजय बहादुर माथुर	ट्रस्टी
श्री राजेश डी माथुर	ट्रस्टी
श्री अखिल जिंदल	ट्रस्टी
श्री इन्दू प्रकाश सहाय	ट्रस्टी
श्री अशोक दयाल	ट्रस्टी
डॉ. सिद्धार्थ सहाय	ट्रस्टी
श्रीमती प्रीति बालचंद्रन	ट्रस्टी

चैत्र–शुक्ल–पक्ष संवत् 2083

19 मार्च 2026 से 02 अप्रैल 2026 तक

		प्रतिपदा	क्षय
19.3.2026	गुरूवार	द्वितीया	चैत्र वासन्तिक नवरात्रि व्रत प्रारम्भ, श्री रौद्र नाम संवत्सर प्रारम्भ,घट स्थापना, श्री दुर्गा सप्तशती पाठ, श्री शतचण्डी महायज्ञ प्रारंभ, प्रातः पूजा आरती, पाठ पारायण
20.3.2026	शुक्रवार	द्वितीया	प्रातः पूजा आरती, पाठ पारायण
21.3.2026	शनिवार	तृतीया	प्रातः पूजा आरती, पाठ पारायण
22.3.2026	रविवार	चतुर्थी	प्रातः पूजा आरती, पाठ पारायण।
23.3.2026	सोमवार	पंचमी	प्रातः पूजा आरती, पाठ पारायण
24.3.2026	मंगलवार	षष्ठी	प्रातः पूजा आरती, पाठ परायण, श्री श्री कात्यायनी माँ का विशेष पूजन
25.3.2026	बुधवार	सप्तमी	प्रातः पूजा आरती, पाठ पारायण
26.3.2026	गुरूवार	अष्टमी	प्रातः पूजा आरती पाठ पारायण, श्री दुर्गा अष्टमी

सन्धि-पूजा-विशेष आरती
दिनांक-26.03.2026 गुरूवार 2:06 P.M.

27.3.2026	शुक्रवार	नवमी	प्रातः पूजा आरती, हवन, श्री शतचण्डी महायज्ञ समापन, कुमारी पूजन, पूर्णाहुति, श्री राम नवमी, साधु ब्राह्मण सेवा

28.3.2026	शनिवार	दशमी	
29.3.2026	रविवार	एकादशी	कामदा एकादशी व्रत
30.3.2026	सोमवार	द्वादशी	प्रदोष व्रत
31.3.2026	मंगलवार	त्रयोदशी	श्री स्वामी नित्यानन्द जी महाराज का 68वाँ महातिरोधान महोत्सव, सर्वार्थ सिद्धि योग
01.4.2026	बुधवार	चतुर्दशी	
2.4.2026	गुरूवार	पूर्णिमा	श्री हनुमान जयंती, शीतल भोग व विशेष पूजा प्रारम्भ, सम्पूर्ण वैशाख मास में यह विशेष पूजा आज से प्रारम्भ होकर आगामी मास दिनांक 1.5.2026 तक (वैशाखी पूर्णिमा) पर्यंत होगी। यह वैशाख मास का सर्वोत्तम पर्व माना जाता हैं इस उत्सव में प्रतिदिन श्री श्री कायत्यायनी माँ, श्री श्री नारायण जी की विशेष पूजा, ऋतु फल भोग व श्री चन्द्रशेखर महादेव जी की जलधारा एवं संध्या में शीतल भोग का विशेष आयोजन होता है। वैशाख स्नान प्रारम्भ

वैशाख–कृष्ण–पक्ष संवत् 2083

03 अप्रैल 2026 से 17 अप्रैल 2026 तक

3.4.2026	शुक्रवार	प्रतिपदा	
4.4.2026	शनिवार	द्वितीया	सर्वार्थ सिद्धि योग
5.4.2026	रविवार	तृतीया	चतुर्थी व्रत चंद्रोदय 9.50 P.M.
6.4.2026	सोमवार	चतुर्थी	सर्वार्थ सिद्धि योग
7.4.2026	मंगलवार	पंचमी	
8.4.2026	बुधवार	षष्ठी	ग्रीष्म ऋतु प्रारम्भ
9.4.2026	गुरूवार	सप्तमी	
10.4.2026	शुक्रवार	अष्टमी	श्री दुर्गा अष्टमी
11.4.2026	शनिवार	नवमी	सर्वार्थ सिद्धि योग
12.4.2026	रविवार	दशमी	
13.4.2026	सोमवार	एकादशी	वरूथिनी एकादशी व्रत
14.4.2026	मंगलवार	द्वादशी	वरूथिनी एकादशी निम्बार्क
15.4.2026	बुधवार	त्रयोदशी	प्रदोष व्रत
16.4.2026	गुरूवार	चतुर्दशी	सर्वार्थ सिद्धि योग
17.4.2026	शुक्रवार	अमावस्या	देवपितृकार्ये अमावस्या, श्री शुकदेव मुनि जयन्ती

वैशाख–शुक्ल–पक्ष संवत् 2083

18 अप्रैल 2026 से 01 मई 2026 तक

18.4.2026	शनिवार	प्रतिपदा	
19.4.2026	रविवार	द्वितीया	
20.4.2026	सोमवार	तृतीया	अक्षय तृतीया, चंदन यात्रा, श्री बांके बिहारी जी चरण दर्शन
21.4.2026	मंगलवार	पंचमी	श्री आद्य शंकराचार्य जयंती
22.4.2026	बुधवार	षष्ठी	
23.4.2026	गुरूवार	सप्तमी	श्री गंगा सप्तमी (गंगोत्पति)
24.4.2026	शुक्रवार	अष्टमी	श्री दुर्गा अष्टमी, देवी बगुलामुखी जयंती
25.4.2026	शनिवार	नवमी	
26.4.2024	रविवार	दशमी	
27.4.2026	सोमवार	एकादशी	मोहिनी एकादशी व्रत सर्वेषाम्
28.4.2026	मंगलवार	द्वादशी	
29.4.2026	बुधवार	त्रयोदशी	प्रदोष व्रत
30.4.2026	गुरूवार	चतुर्दशी	श्री नृसिंह चतुर्दशी
01.5.2026	शुक्रवार	पूर्णिमा	वैसाख पूर्णिमा, श्री बुद्ध जयंती, श्री नृसिंह जयंती, वैशाख स्नान पूर्ण, शीतल भोग पूजा उत्सव समापन, श्री कूर्म जयंती, श्री राधारमण जयंती

प्रथम–ज्येष्ठ–कृष्ण–पक्ष–संवत् 2083

02 मई 2026 से 16 मई 2026 तक

2.5.2026	शनिवार	प्रतिपदा	श्री माँ आनन्दमयी जयंती
3.5.2026	रविवार	द्वितीया	श्री नारद जयंती, वृन्दावन परिक्रमा
4.5.2026	सोमवार	तृतीया	सर्वार्थ सिद्धि योग
5.5.2026	मंगलवार	चतुर्थी	चतुर्थी व्रत चंद्रोदय 10.26 P.M.
6.5.2026	बुधवार	पंचमी	
7.5.2026	गुरूवार	पंचमी	
8.5.2026	शुक्रवार	षष्ठी	श्री गंगा सप्तमी (गंगोत्पति)
9.5.2026	शनिवार	सप्तमी	सर्वार्थ सिद्धि योग
10.5.2026	रविवार	अष्टमी	श्री दुर्गा अष्टमी
11.5.2026	सोमवार	नवमी	
12.5.2026	मंगलवार	दशमी	सर्वार्थ सिद्धि योग
13.5.2026	बुधवार	एकादशी	अपरा एकादशी व्रत सर्वेषाम्
14.5.2026	गुरूवार	द्वादशी	प्रदोष व्रत
15.5.2026	शुक्रवार	त्रयोदशी	
		चतुर्दशी	क्षय
16.5.2026	शनिवार	अमावस्या	देवपितृकार्ये अमावस्या, वट सावित्री पूजा

प्रथम (अधिक) ज्येष्ठ–शुक्ल–पक्ष संवत् 2083

17 मई 2026 से 31 मई 2026 तक

17.5.2026	रविवार	प्रतिपदा	अधिक मास ज्येष्ठ प्रारम्भ पुरूषोत्तम मास प्रारम्भ
18.5.2026	सोमवार	द्वितीया	सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग
19.5.2026	मंगलवार	तृतीया	
20.5.2026	बुधवार	चतुथी	
21.5.2026	गुरूवार	पंचमी	सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग
22.5.2026	शुक्रवार	षष्ठी	श्री स्कन्द षष्ठी
		सप्तमी	क्षय
23.5.2026	शनिवार	अष्टमी	श्री दुर्गा अष्टमी
24.5.2026	रविवार	नवमी	
25.5.2026	सोमवार	नवमी	
26.5.2026	मंगलवार	दशमी	श्री गंगा दशहरा पर्व (अधिक मास)
27.5.2026	बुधवार	एकादशी	पुरूषोत्तम कमला एकादशी व्रत सर्वेषाम्
28.5.2026	गुरूवार	द्वादशी	प्रदोष व्रत
29.5.2026	शुक्रवार	त्रयोदशी	
30.5.2026	शनिवार	चतुर्दशी	
31.5.2026	रविवार	पूर्णिमा	ज्येष्ठ पूर्णिमा

द्वितीय (अधिक) ज्येष्ठ–कृष्ण–पक्ष संवत् 2083

01 जून 2026 से 15 जून 2026 तक

1.6.2026	सोमवार	प्रतिपदा	द्वितीय (अधिक) ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष प्रारम्भ
2.6.2026	मंगलवार	द्वितीया	
3.6.2026	बुधवार	तृतीया	
4.6.2026	गुरूवार	चतुर्थी	संकष्टी गणेश चतुर्थी चंद्रोदय 10.36 p.m.
5.6.2026	शुक्रवार	पंचमी	सर्वार्थ सिद्धि योग
6.6.2026	शनिवार	षष्ठी	सर्वार्थ सिद्धि योग
7.6.2026	रविवार	सप्तमी	
8.6.2026	सोमवार	अष्टमी	श्री दुर्गा अष्टमी
9.6.2026	मंगलवार	नवमी	सर्वार्थ सिद्धि योग
10.6.2026	बुधवार	दशमी	
11.6.2026	गुरूवार	एकादशी	कमला पुरूषोत्तमा एकादशी व्रत स्मार्त वैष्णव
12.6.2026	शुक्रवार	द्वादशी	प्रदोष व्रत
13.6.2026	शनिवार	त्रयोदशी	सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग
14.6.2026	रविवार	चतुर्दशी	रोहिणी व्रत
15.6.2026	सोमवार	अमावस्या	सोमवती अमावस्या, पुरूषोत्तम मास समाप्त

द्वितीय ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष संवत् 2083

16 जून 2026 से 29 जून 2026 तक

		प्रतिपदा	क्षय
16.6.2026	मंगलवार	द्वितीया	
17.6.2026	बुधवार	तृतीया	रम्भा तीज व्रत
18.6.2026	गुरूवार	चतुर्थी	
19.6.2026	शुक्रवार	पंचमी	
20.6.2026	शनिवार	षष्ठी	अरण्य षष्ठी, श्री विंध्यवासिनी पूजा
21.6.2026	रविवार	सप्तमी	
22.6.2026	सोमवार	अष्टमी	श्री दुर्गा अष्टमी, अंबुबाची पूजा प्रारम्भ
23.6.2026	मंगलवार	नवमी	
24.6.2026	बुधवार	दशमी	श्री गंगा दशहरा, श्री गंगा स्नान (श्री केशवाश्रम, हरिद्वार) श्री बटुक भैरव जयंती
25.6.2026	गुरूवार	एकादशी	निर्जला एकादशी व्रत सर्वेषाम् अंबुबाची पूजा सम्पन्न
26.6.2026	शुक्रवार	द्वादशी	
27.6.2026	शनिवार	त्रयोदशी	शनि प्रदोष व्रत
28.6.2026	रविवार	चतुर्दशी	सर्वार्थ सिद्धि योग
29.6.2026	सोमवार	पूर्णिमा	पूर्णिमा व्रत

आषाढ़–कृष्ण–पक्ष संवत् 2083

30 जून 2026 से 14 जुलाई 2026 तक

30.6.2026	मंगलवार	प्रतिपदा	
1.7.2026	बुधवार	द्वितीया	
2.7.2026	गुरूवार	द्वितीया	
3.7.2026	शुक्रवार	तृतीया	चतुर्थी व्रत (चन्द्रोदय 9.46 P.M)
4.7.2026	शनिवार	चतुर्थी	
5.7.2026	रविवार	पंचमी	
6.7.2026	सोमवार	षष्ठी	
7.7.2026	मंगलवार	सप्तमी	
8.7.2026	बुधवार	अष्टमी	श्री दुर्गा अष्टमी
09.7.2026	गुरूवार	नवमी	सर्वार्थ सिद्धि योग
10.7.2026	शुक्रवार	दशमी	योगिनी एकादशी व्रत स्मार्त
11.7.2026	शनिवार	एकादशी	योगिनी एकादशी वैष्णव
		द्वादशी	क्षय
12.7.2026	रविवार	त्रयोदशी	प्रदोष व्रत
13.7.2026	सोमवार	चतुर्दशी	सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग
14.7.2026	मंगलवार	अमावस्या	देवपितृकार्ये अमावस्या

आषाढ़–शुक्ल–पक्ष–संवत् 2083

15 जुलाई 2026 से 29 जुलाई 2026 तक

15.7.2026	बुधवार	प्रतिपदा	गुप्त नवरात्रि विधान प्रारम्भ
16.7.2026	गुरूवार	द्वितीया	श्री जगन्नाथ जी रथ यात्रा (पुरी)
17.7.2026	शुक्रवार	तृतीया	
		चतुर्थी	क्षय
18.7.2026	शनिवार	पंचमी	
19.7.2026	रविवार	षष्ठी	
20.7.2026	सोमवार	सप्तमी	
21.7.2026	मंगलवार	अष्टमी	श्री दुर्गा अष्टमी
22.7.2026	बुधवार	नवमी	
23.7.2026	गुरूवार	नवमी	गुप्त नवरात्रि व्रत समापन
24.7.2026	शुक्रवार	दशमी	
25.7.2026	शनिवार	एकादशी	देवशयनी एकादशी व्रत सर्वेषाम् चातुर्मास व्रत प्रारम्भ
26.7.2026	रविवार	द्वादशी	प्रदोष व्रत, सर्वार्थ सिद्धि योग
27.7.2026	सोमवार	त्रयोदशी	
28.7.2026	मंगलवार	चतुर्दशी	सन्यासी .चातुर्मास जल विधान प्रारम्भ
29.7.2026	बुधवार	पूर्णिमा	पूर्णिमा व्रत, श्री गुरू पूर्णिमा, श्री श्री कात्यायनी पीठ के श्री गुरू मन्दिर में विशेष पूजा, आरती, वेद पाठ, श्री गोवर्धन परिक्रमा, व्यास पीठ पूजा, सर्वार्थ सिद्धि योग

श्रावण–कृष्ण–पक्ष–संवत् 2083

30 जुलाई 2026 से 12 अगस्त 2026 तक

30.7.2026	गुरूवार	प्रतिपदा	
31.7.2026	शुक्रवार	द्वितीया	
1.8.2026	शनिवार	तृतीया	
2.8.2026	रविवार	चतुर्थी	चतुर्थी व्रत(चन्द्रोदय 9.21 P.M)
3.8.2026	सोमवार	पंचमी	श्रावण सोमवार व्रत
4.8.2026	मंगलवार	षष्ठी	सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग
5.8.2026	बुधवार	सप्तमी	
6.8.2026	गुरूवार	अष्टमी	श्री दुर्गा अष्टमी
7.8.2026	शुक्रवार	नवमी	
8.8.2026	शनिवार	दशमी	सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग
9.8.2026	रविवार	एकादशी	कामदा एकादशी व्रत सर्वेषाम्
10.8.2026	सोमवार	द्वादशी त्रयोदशी	प्रदोष व्रत, श्रावण सोमवार व्रत क्षय
11.8.2026	मंगलवार	चतुर्दशी	
12.8.2026	बुधवार	अमावस्या	देवपितृकार्ये अमावस्या, सर्वार्थ सिद्धि योग, हरियाली श्रावण अमावस्या, गुरू पुष्य योग

श्रावण–शुक्ल–पक्ष–संवत् 2083

13 अगस्त 2026 से 28 अगस्त 2026 तक

13.8.2026	गुरूवार	प्रतिपदा	
14.8.2026	शुक्रवार	द्वितीया	
15.8.2026	शनिवार	तृतीया	हरियाली तीज, श्री बाँकेबिहारी जी मन्दिर में विशेष झूला महोत्सव
16.8.2026	रविवार	चतुर्थी	विनायक चतुर्थी व्रत
17.8.2026	सोमवार	पंचमी	श्रावण सोमवार व्रत, नाग पंचमी
18.8.2026	मंगलवार	षष्ठी	
19.8.2026	बुधवार	सप्तमी	श्री गोस्वामी तुलसीदास जयंती
20.8.2026	गुरूवार	अष्टमी	श्री दुर्गा अष्टमी
21.8.2026	शुक्रवार	नवमी	पूज्यनीया श्री रानी माँ का 59 वाँ महातिरोधान उत्सव
22.8.2026	शनिवार	दशमी	
23.8.2026	रविवार	एकादशी	पवित्र एकादशी व्रत स्मार्त, श्री श्री कात्यायनी पीठ में झूला महोत्सव
24.8.2026	सोमवार	एकादशी	श्रावण सोमवार व्रत
25.8.2026	मंगलवार	द्वादशी	प्रदोष व्रत
26.8.2026	बुधवार	त्रयोदशी	
27.8.2026	गुरूवार	चतुर्दशी	
28.8.2026	शुक्रवार	पूर्णिमा	पूर्णिमा व्रत, रक्षाबंधन, श्री श्री कात्यायनी पीठ में राखी धारणोत्सव, श्रवाणी कर्म, झूला महोत्सव समापन, सवार्थ सिद्धि योग

भाद्रपद–कृष्ण–पक्ष–संवत् 2083

29 अगस्त 2026 से 11 सितम्बर 2026 तक

29.8.2026	शनिवार	प्रतिपदा	
30.8.2026	रविवार	द्वितीया	
31.8.2026	सोमवार	तृतीया	कज्जली तीज चंद्रोदय 8.05 P.M.
1.9.2026	मंगलवार	चतुर्थी	बहुला चतुर्थी
2.9.2026	बुधवार	पंचमी	
		षष्ठी	क्षय
3.9.2026	गुरूवार	सप्तमी	श्री कृष्ण जन्माष्टमी व्रत स्मार्त
4.9.2026	शुक्रवार	अष्टमी	श्री कृष्ण जन्माष्टमी व्रत वैष्णव, श्री दुर्गा अष्टमी
5.9.2026	शनिवार	नवमी	नन्दोत्सव, गोगा नवमी
6.9.2026	रविवार	दशमी	
7.9.2026	सोमवार	एकादशी	अजा एकादशी व्रत, सर्वार्थ सिद्धि योग
8.9.2026	मंगलवार	द्वादशी	गोवत्स पूजा, प्रदोष व्रत
9.9.2026	बुधवार	त्रयोदशी	गुरू पुष्य योग, सर्वार्थ सिद्धि योग
10.9.2026	गुरूवार	चतुर्दशी	कुशोत्पाटनी अमावस्या, शरद ऋतु प्रारम्भ
11.9.2026	शुक्रवार	अमावस्या	देवपितृकार्ये अमावस्या

भाद्रपाद–शुक्ल–पक्ष–संवत् 2083

12 सितम्बर 2026 से 26 सितम्बर 2026 तक

12.9.2026	शनिवार	प्रतिपदा	
13.9.2026	रविवार	द्वितीया	
14.9.2026	सोमवार	तृतीया	हरितालिका तीज व्रत, श्री वराह जयंती
15.9.2026	मंगलवार	चतुर्थी	श्री गणेश जयंती, श्री श्री कात्यायनी पीठ में श्री गणपति जी महाराज की विशेष पूजा
16.9.2026	बुधवार	पंचमी	सर्वार्थ सिद्धि योग, ऋषि पंचमी
17.9.2026	गुरूवार	षष्ठी	श्री सूर्य षष्ठी, श्री बलदेव छठ
18.9.2026	शुक्रवार	सप्तमी	
19.9.2026	शनिवार	अष्टमी	श्री राधा अष्टमी, श्री दुर्गा अष्टमी
20.9.2026	रविवार	नवमी	श्रीमद् भागवत जयंती
21.9.2026	सोमवार	दशमी	
22.9.2026	मंगलवार	एकादशी	पदमा एकादशी व्रत सर्वेषाम्
23.9.2026	बुधवार	द्वादशी	श्री वामन जयंती
24.9.2026	गुरूवार	त्रयोदशी	प्रदोष व्रत
25.9.2026	शुक्रवार	चतुर्दशी	अनंत चतुर्दशी व्रत
26.9.2026	शनिवार	पूर्णिमा	भाद्रपद पूर्णिमा, श्राद्ध पक्ष प्रारम्भ, पूर्णिमा श्राद्ध

आश्विन–शुक्ल–पक्ष–संवत् 2083

27 सितम्बर 2026 से 10 अक्टूबर 2026 तक

27.9.2026	रविवार	प्रतिपदा	प्रतिपदा श्राद्ध
28.9.2026	सोमवार	द्वितीया	द्वितीया श्राद्ध
29.9.2026	मंगलवार	तृतीया	तृतीया श्राद्ध, चतुर्थी व्रत चंद्रोदय 7.43 P.M.
30.9.2026	बुधवार	चतुर्थी	चतुथ्री श्राद्ध
1.10.2026	गुरूवार	पंचमी	पंचमी श्राद्ध
2.10.2026	शुक्रवार	षष्ठी	षष्ठी श्राद्ध
3.10.2026	शनिवार	सप्तमी	सप्तमी श्राद्ध, अष्टमी श्राद्ध, श्री दुर्गा अष्टमी
		अष्टमी	क्षय
4.10.2026	रविवार	नवमी	मातृ नवमी, नवमी श्राद्ध
5.10.2026	सोमवार	दशमी	दशमी श्राद्ध
6.10.2026	मंगलवार	एकादशी	इंदिरा एकादशी व्रत, एकादशी श्राद्ध
7.10.2026	बुधवार	द्वादशी	द्वादशी श्राद्ध
8.10.2026	गुरूवार	त्रयोदशी	प्रदोष व्रत, त्रयोदशी श्राद्ध
9.10.2026	शुक्रवार	चतुर्दशी	चतुर्दशी श्राद्ध
10.10.2026	शनिवार	अमावस्या	सर्वपितृ अमावस्या, श्राद्ध, स्नान, दान तर्पण, श्राद्ध पक्ष समापन

आश्विन–शुक्ल–पक्ष–संवत् 2083

11 अक्टूबर 2025 से 26 अक्टूबर 2026 तक

11.10.2025	रविवार	प्रतिपदा	शारदीय नवरात्रि व्रत, देवी पूजा प्रारम्भ, घट स्थापना, प्रातः पूजा आरती, श्री शतचण्डी महायज्ञ प्रारम्भ, पाठ पारायण
12.10.2026	सोमवार	द्वितीया	प्रातः पूजा आरती, पाठ पारायण
13.10.2026	मंगलवार	तृतीया	प्रातः पूजा आरती, पाठ पारायण
14.10.2026	बुधवार	चतुर्थी	प्रातः पूजा आरती, पाठ पारायण
15.10.2026	गुरूवार	पंचमी	प्रातः पूजा आरती, पाठ पारायण
